**NEWS CLIPPING: 10.05.2019**

**HINDUSTAN**

# युवाओं के लिए सेल्फी प्रतियोगिता

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत रविवार 12 मई को मतदान के दिन विद्यार्थियों को मतदान के अपनी स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी लेनी होगी, जिसे विश्वविद्यालय के फेसबुक पर हैश कर टैग वोट वाली सेल्फी के साथ सुबह 9 बजे से लेकर सायं 6 बजे के बीच टैग करना होगा। विद्यार्थियों को फोटो के साथ अपने कालेज का नाम लिखना होगा। इनमें से बेहतरीन तीन सेल्फी को 5000, 3000 तथा दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान दिया जाएगा।**(ह.सं.)**

**NEWS CLIPPING: 10.05.2019**

**PUNJAB KESARI**

# छात्रों को जागरूक करने को सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित

फरीदाबाद, 9 मई (ब्यूरो) युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए हरियाणा में होने जा रहे चुनाव के दिन 12 मई को एक सेल्फी प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव के रूप में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस पर्व में बढ-चढ़कर हिस्सा ले और देश की भलाई के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहन हेतु विश्वविद्यालय एक सेल्फी प्रतियोगिता आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध कालेजों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते है। प्रतियोगिता के अंतर्गत, मतदान के दिन विद्यार्थियों को मतदान के उपरांत अपनी स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी लेनी होगी और इसे युनिवर्सिटी के फेसबुक हैंडल पर सुबह 9 बजे से लेकर सायं 6 बजे के बीच टैग करना होगा और फोटो के साथ अपने कालेज का नाम लिखना होगा। श्रेष्ठ तीन सेल्फी को 5000, 3000 तथा 2 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।


पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 10 May 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c

**NEWS CLIPPING: 10.05.2019**

**AMAR UJALA**

# 'वोट वाली सेल्फी' में लीजिए हिस्सा

## युवा मतदाताओं के प्रोत्साहन के लिए 12 मई को आयोजित होगी प्रतियोगिता

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 12 मई को एक सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्णय लिया है। युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाएगा। छठे चरण में 12 मई को हरियाणा की सभी दस सीटों पर मतदान होना है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में

**चयनित तीन सेल्फी को दिया जाएगा पांच, तीन और दो हजार रुपये का इनाम**

चुनाव के रूप में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और देश की भलाई के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी करने के लिए विश्वविद्यालय एक सेल्फी प्रतियोगिता आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत, मतदान के दिन विद्यार्थियों को मतदान के उपरांत अपनी स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी लेनी होगी और इसे विश्वविद्यालय के फेसबुक हैंडल www.facebook.com/ymcauniversity पर हैशटैग वोटवालीसेल्फी (#VoteWaliSelfie) के साथ टैग करना होगा। सुबह 9 बजे से लेकर सायं 6 बजे के बीच सेल्फी टैग करने के साथ ही अपने कॉलेज का नाम लिखना होगा। श्रेष्ठ तीन सेल्फी को पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 10.05.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सेल्फी प्रतियोगिता

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी एक सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित कर रही है। 12 मई को मतदान के दिन यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी व इससे जुड़े कॉलेजों के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं। श्रेष्ठ तीन सेल्फी को 5000, 3000 व 2 हजार रुपये का नकद पुरस्कार यूनिवर्सिटी की तरफ से दिया जाएगा।

**बेस्ट सेल्फी को मिलेगा 5 हजार रुपये का पुरस्कार**

**NEWS CLIPPING: 10.05.2019**

## PUNJAB KESARI.COM

# मतदाताओं के प्रोत्साहन के लिए सेल्फी प्रतियोगिता 12 को

**फरीदाबाद**, राकेश देव ;( पंजाब केसरी ): युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए हरियाणा में होने जा रहे चुनाव के दिन 12 मई को एक सेल्फी प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव के रूप में लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और देश की भलाई के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहन हेतु विश्वविद्यालय एक सेल्फी प्रतियोगिता आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध कालेजों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते है। प्रतियोगिता के अंतर्गत, मतदान के दिन विद्यार्थियों को मतदान के उपरांत अपनी स्याही लगी अंगुली के साथ सेल्फी लेनी होगी और इसे युनिवर्सिटी के फेसबुक हैंडल पर हैशटैग वोटवालीसेल्फी के साथ सुबह 9 बजे से लेकर सायं 6 बजे के बीच टैग करना होगा और फोटो के साथ अपने कालेज का नाम लिखना होगा। श्रेष्ठ तीन सेल्फी को 5000, 3000 तथा 2 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

पंजाब केसरी Fri, 10 May 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/